प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दविस सम्मेलन का उद्घाटन कयिा

चर्चा में क्यों?

9 जनवरी, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दविस सम्मेलन का उद्घाटन कयिा। प्रधानमंत्री ने 'आजादी का अमृत महोत्सव- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतीयों का योगदान'वषिय पर पहली बार डजिटिल पीबीडी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन कयिा।

प्रमुख बदिु

- प्रधानमंत्री ने सुरक्षति, कानूनी, व्यवस्थति और कुशल प्रवासन के महत्त्व को रेखांकति करने के लयि एक स्मारक डाक टकिट 'सुरक्षति जाएँ, प्रशक्षिति जाएं'भी जारी कयिा।
- उल्लेखनीय है कि प्रवासी भारतीय दविस (पीबीडी) सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जो प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ने और प्रवासी भारतीय को एक दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लयि एक महत्त्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।
- इंदौर में 08-10 जनवरी, 2023 तक मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से 17वाँ प्रवासी भारतीय दविस सम्मेलन आयोजति कयिा जा रहा है।
- इस सम्मेलन का वषिय 'प्रवासी: अमृत काल में भारत की प्रगति के लयि वशि्वसनीय भागीदार'है। लगभग 70 वभिनि्न देशों के 3,500 से अधकि प्रवासी भारतीय सदस्यों ने पीबीडी कन्वेंशन के लयि पंजीकरण कराया है।
- सम्मेलन को संबोधति करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव'की थीम पर पहली बार डजिटिल प्रवासी भारतीय दविस प्रदर्शनी आयोजति की गई है, जो गौरवशाली युग को एक बार फरि से सामने लाती है।
- अमृत काल की अगले 25 वर्षों की यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा भारत की अनूठी वैश्वकि दृष्टि और वैश्वकि व्यवस्था में इसकी भूमिका को मज़बूत कयिा जाएगा।
- पीबीडी कन्वेंशन में पाँच वषियगत पूर्ण सत्र होंगे-
    - युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सहि ठाकुर की अध्यक्षता में 'नवाचारों और नई प्रौद्योगकियिों में प्रवासी युवाओं की भूमकाि'पर पहला सत्र।
    - स्वास्थ्य और परविार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडवयिा की अध्यक्षता और वदिेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सहि की सह-अध्यक्षता में 'अमृत काल में भारतीय हेल्थकेयर इको-ससि्टम को बढ़ावा देने में भारतीय डायस्पोरा की भूमकिा: वजिन- 2047' पर दूसरा सत्र।
    - वदिेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की अध्यक्षता में 'भारत की सॉफ्ट पावर का लाभ उठाना - शलि्प, व्यंजन और रचनात्मकता के माध्यम से सद्भावना'पर तीसरा सत्र।
    - शक्षिा, कौशल वकिास और उद्यमतिा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में 'भारतीय कार्यबल की वैश्वकि गतशीलता को सक्षम करना- भारतीय डायस्पोरा की भूमकिा'पर चौथा सत्र।
    - वति्त मंत्री नर्मिला सीतारमण की अध्यक्षता में 'राष्ट्र नर्माण के लयि एक समावेशी दृष्टकिोण की दशाि में प्रवासी उद्यमयिों की क्षमता का उपयोग'पर पाँचवा सत्र।
- 17वें पीबीडी कन्वेंशन का महत्त्व है, क्योंकि यह चार साल के अंतराल के बाद और कोवडि-19 महामारी की शुरुआत के बाद पहली बार एक वास्तवकि कार्यक्रम के रूप में आयोजति कयिा जा रहा है। महामारी के दौरान 2021 में पछिला पीबीडी सम्मेलन वर्चुअल तौर पर आयोजति कयिा गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/17th-pravasi-bharatiya-divas-convention-in-indore